डीएलएड प्रशिक्षितों के आंदोलन के समर्थन में धरना–प्रदर्शन करते यूकेडी कार्यकर्ता।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### शहीदों के सपनों के अनुरूप आगे बढ़ रहा राष्ट्रः कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन कौशिक ने कहा कि 75 साल पहले वर्ष 1947 में इसी शुभ दिन की पावन बेला में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ–साथ हर भारतवासी का स्वतंत्रता पाने का सपना साकार हुआ था और यह सुखद है कि राष्ट्र शहीदों के सपनो के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। यह दिन प्रत्येक भारतवासियों के लिए बड़े गर्व और गौरव का दिन है। इसी दिन के लिए कितने ही देशभक्तों ने ब्रिटिश हुकूमत के हाथों अनेक यातनाएं सहीं।

### अपने नागरिकों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के बारे में सोचना चाहिएः सीएस

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ एस.एस.संधु द्वारा सचिवालय में उच्चस्थ अधीनस्थ कार्मिकों और अन्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण करते हुए सभी को 75वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए मुख्य सचिव ने लोगों से अपील की कि देश के बलिदानियों ने जिस मकसद से आजादी के लिए असहनीय कष्ट सहे–संघर्ष किया हमें उस मकसद को नहीं भूलना चाहिए।

### देश की तरक्की में भरपूर योगदान देने की अपील की

**संवाददाता** देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मुख्य भवन के समक्ष मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक ए.एस. रावत ने ध्वजारोहण किया। रावत ने सभी को 75वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा उपस्थित लोगों से देश की उन्नति व तरक्की में भरपूर योगदान हेतु अपील की। हमें इस संक्रामक बीमारी से बचने के लिए सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशो का पालन करना चाहिए।

### मुख्य लाडू के अतिरिक्त 23 अन्य लाडू भगवान को अर्पित किए गए

**संवाददाता** देहरादून। जैन धर्म के 23वें तीर्थकर देवाधिदेव 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्श्व नाथ दिगम्बर जैन मंदिर झंडा बाजार में जैन मिलन पारस के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य लाडू चढ़ाने का सौभाग्य सौरभ सागर सेवा समिति को प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त जैन मंदिर सुभाषनगर में भी दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन पूज्य क्षुल्लकरत्न 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ।

# युवाओं को रोजगार मांगने नहीं, देने वाला बनाना है

**निरीक्षण**

■ करीब 24 हजार पद भरे जाने हैं लेकिन इससे बेरोजगारी दूर नहीं होनी हैः सीएम

■ घोषणाएं, वहीं होंगी जिन्हें समय से पूरा किया जा सके

**संवाददाता**

देहरादून/चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश का का सर्वांगीण विकास हो। सरकार लंबी घोषणाएं नहीं करेगी। घोषणाएं, वहीं होंगी जिन्हें समय से पूरा किया जा सके। सरकार ने युवाओं को रोजगार से जोडने का काम कर रही है। 15 अगस्त से सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए कल ही 17 पदों पर विज्ञप्ति निकाली गई है। करीब 24 हजार पद भरे जाने हैं लेकिन इससे बेरोजगारी दूर नहीं होनी है। इसलिए सरकार अब कोरोना काल में अपने घरों को वापस आए करीब एक लाख लोगों को स्वरोजगार से जोड़ेगी। सरकार की मंशा है कि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बने। यह बात सोमवार को अपने एक दिवसीय जनपद दौरे पर आए सीएम धामी ने अमोड़ी में आयोजित कार्यक्रम में कही।




सीएम धामी सोमवार सुबह चम्पावत विधान सभा के अमोड़ी में डिग्री कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। डोला मैदान में बने हेलीपैड पर सीएम के पहुंचने पर विधायक कैलाश गहतोड़ी समेत कई कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद वह निर्माणाधीन अमोड़ी डिग्री कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे।

जहां कार्यदायी संस्था के सुस्त कार्य पर सीएम धामी व उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने गहरी नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को 25 अक्टूबर तक समय देते हुए कार्य समय से पूर्ण करने के आदेश दिए। ऐसा न होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। मंत्री रावत ने कहा कि 25 अक्टूबर को सीएम स्वयं कॉलेज का लोकार्पण करने आएंगे। इस पर धामी ने हामी भरी और कार्यदायी संस्था को तय समय पर काम करने के कहा। इसके बाद कॉलेज परिसर में ही आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

सीएम ने बाल विकास विभाग रोजगार के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार के सवाल पर कहा कि वह मामले की जांच कराएंगे। उसके बाद ही कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह अभी कोई घोषणा नहीं कर रहे हैं लेकिन वह जल्द जनपद में आएंगे और कई योजनाओं की सौगात देंगे।

इसके बाद वह पौड़ी जनपद के विभाग प्रचारक चंद्रशेखर जोशी के वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। श्राद्ध भोज करने के बाद वह देवीधुरा के लिए निकल गए। इस दौरान उनके साथ सांसद अजय टम्टा, प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार, नानकमत्ता विधायक प्रेम सिंह राणा भी रहे।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी विनीत तोमर, एसपी लोकेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक पाठक, सुभाष बगौली, संजय अग्रवाल, प्रकाश तिवारी, किरन देवी, प्राचार्य डा. कमला जोशी, त्रिलोक गिरी, कैलाश अधिकारी, पूर्व जिपं सदस्य गोविंद सामंत, शंकर पांडेय, दीपक रजवार, कमल रावत आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकार सभी पक्षों से बात करने के बाद ही निर्णय लेगीः मुख्यमंत्री

सीएम धामी ने कहा कि विधायक कई बार मांग कर चुके हैं कि पूर्णागिरि ट्रस्ट नहीं बनना है। इसके लिए सरकार सभी पक्षों से बात करने के बाद ही निर्णय लेगी। जिससे किसी का अहित न हो। जनपद में शत प्रतिशत लोगों को कोरोना की पहली डोज लगने पर उन्होंने बधाई दी।

# उत्तराखंड में 24 अगस्त तक बढ़ा कोरोना कर्फ्यू

**कोविड कर्फ्यू**

■ अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों को भी राहत

■ शापिंग माल, सिनेमाहाल, जिम आदि 50 फीसद क्षमता के साथ खुले है

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आने के बावजूद उत्तराखंड में लागू कोविड कर्फ्यू की अवधि को वर्तमान रियायत के साथ एक हफ्ते यानी 24 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। प्रदेश में वर्तमान में लागू कोविड कर्फ्यू की अवधि 17 अगस्त को सुबह छह बजे खत्म हो रही है।

### कर्फ्यू में इस बार कोई बदलाव नही

उत्तराखंड में कोरोना को देखते हुए धामी सरकार ने प्रदेश में 24 अगस्त तक कोरोना कर्फ्यू बढ़ा दिया है। कोविड–19 कर्फ्यू में इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया है, सभी नियम पूर्व की तरह ही लागू रहेंगे। बाजार हफ्ते में छह दिन सुबह आठ से रात्रि नौ बजे तक खुलेंगे। सरकारी कार्यालय सौ फीसदी क्षमता के साथ खुल रहे हैं।

कोविड कर्फ्यू में सरकार ने लगभग सभी क्षेत्रों में रियायत दी हैं। बाजार नियमित रूप से सुबह आठ से रात नौ बजे तक खुल रहे हैं। शापिंग माल, सिनेमाहाल, जिम आदि 50 फीसद क्षमता के साथ खुले हैं।

खेलकूद, सामाजिक, राजनीतिक गतिविधियों की भी अनुमति दी गई है। सरकारी–गैरसरकारी कार्यालय पूर्ण क्षमता के साथ खुल रहे हैं। प्रदेश के भीतर आवागमन की छूट है।

अन्य राज्यों से आने वाले उन व्यक्तियों को कोरोना जांच की निगेटिव रिपोर्ट की अनिवार्यता से छूट दी गई है, जिन्होंने आने से 15 दिन पहले तक कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवा ली हों। जिनके पास कोविड वैक्सीनेशन का प्रमाणपत्र नहीं होगा, उनके लिए कोरोना जांच की निगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य है। वर्तमान में प्रदेश में नवीं से 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पालिटेक्निक, महाविद्यालय, मेडिकल व नर्सिंग कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, कृषि एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, समस्त विश्वविद्यालय और अन्य सभी शैक्षिक संस्थान खोलने की अनुमति भी दी जा चुकी है। इन समेत वर्तमान में लागू सभी प्रविधानों के साथ कोविड कर्फ्यू को आगे बढ़ाया गया है।

### महाराज के प्रयासों से प्रदेश में 13366.15 लाख की सड़कें स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज के अनुरोध पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तराखण्ड में 448.735 किमी लम्बाई के 16 मोटर मार्गो के सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण के लिए 13366.15 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज हाल ही में अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मिले थे। मुलाकात के दौरान सतपाल महाराज ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उत्तराखंड राज्य में सड़कों के विस्तार के लिए सीआरआईएफ के अनुमोदन के संदर्भ में चर्चा करते हुए उनसे प्रदेश के अनेक मोटर मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण के प्रस्तावों पर स्वीकृति दिये जाने का अनुरोध किया था।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।